RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 338
हिसार | मंगलवार, 5 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

## सांसद बृजेन्द्र सिंह का उद्घाटन करने का प्रोग्राम स्थगित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** आज स्थानीय पंचायत भवन में हिसार लोकसभा के सांसद बृजेन्द्र सिंह ने दो दर्जन से अधिक अलग-अलग स्थान पर विकास कार्यों का शिलान्यास करना था और एक दर्जन के करीब पानी वाली टैंकरों को झंडी दिखाकर रवाना करना था। लेकिन अज्ञात कारण वंश यह प्रोग्राम




आज स्थगित हो गया। अब बताया जा रहा है कि यह प्रोग्राम 8 मार्च को होगा। विकास कार्य के उद्घाटन समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन अचानक ही प्रोग्राम स्थगित करना पड़ा।




# मैंने कभी व्यक्तिगत हमले नहीं किए, परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं : पीएम मोदी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 5 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तेलंगाना के संगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। संगारेड्डी में एक सार्वजनिक सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में आशा की नई किरण बनकर उभरा है। पीएम मोदी ने कहा, 'आप सब जानते हैं कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। मैंने कहा था कि हम भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आज आप देख सकते हैं कि भारत पूरी दुनिया में आशा की नई किरण बनकर उभरा है।' नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने जम्मू कश्मीर से



आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई। उन्होंने कहा कि आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है - क्योंकि मैं इनके सैंकडों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं, जब मैं कहता हूं कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है, तो ये लोग जवाब नहीं देते बल्कि उल्टा कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार ही नहीं है। कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं। उनके दर्शन मात्र से ही वे बेचैन हो जाते हैं, इसका कारण यह है कि मैं उनके रहस्यों और घोटालों का उद्घाटन कर रहा हूँ। मैं कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता, बस इतना कहता हूं कि वे 'परिवारवादी' हैं। उन्होंने कहा कि मैं परिवारवाद की निंदा करता हूं क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, यह प्रतिभा को बढ़ने नहीं देता है और देश के साथ-साथ व्यक्तियों के विकास में बाधा डालता है। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि वो कहते हैं - Family First, मोदी कहता है - Nation First। उनके लिए उनका परिवार भी सबकुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सबकुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है।

*चौ. दलबीर सिंह की जयंती पर हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन*

# चौ. दलबीर सिंह ने हमेशा स्वच्छ, निष्पक्ष, बेदाग व सिद्धांतों की राजनीति की : कुमारी सैलजा

### कुमारी सैलजा के नेतृत्व में आप के प्रदेश प्रवक्ता मनोज राठी, डॉ. रामबिलास जांगड़ा व सुभाष भारती कांग्रेस में शामिल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने स्वर्गीय चौ. दलबीर सिंह की जयंती पर आयोजित हवन-यज्ञ में हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि चौ. दलबीर सिंह ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति करते हुए मिसाल कायम की। स्वच्छ, निष्पक्ष व बेदाग राजनीति के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। इसलिए हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, राजकुमार भूकड़ी, बलवान सिंह दौलतपुरिया, जगन्नाथ, डॉ. अजय चौधरी, लाल बहादुर खोवाल, मास्टर हरि सिंह,



हरपाल बूरा, भूपेंद्र गंगवा, रामनिवास राडा, कृष्ण सातरोड़, बाला देवी खेदड़, अश्वनी शर्मा, पूर्व चेयरमैन काशीराम, अंकित चमारखेड़ा, बलजीत पातड़, अजय जौहर, रणदीप लोचन, स्नेहलता निंबल, जगबीर मलिक, कर्मजीत कौर, मुकेश सैनी, संतोष बेनीवाल, राजेश पुरखासिया,गोपीराम चांडीवाल, हरिकृष्ण प्रभुवाला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही शैलेष वर्मा, राजेश चाडीवाल, कौशल्या सिंहमार, संतोष बेनीवाल, लादूराम पूनिया, संदीप नेहरा, रणधीर सिंह मेहरानिया, अनिल सैनी, राजेंद्र वाल्मीकि, सुरेश ठाडा,दिव्या धुंदवाल,शिव कुमार चागिया, राजेश पहलवान, राकेश तंवर, वीरभान मेहता, मुकेश सैनी, सुरेंद्र सैनी सातरोड़, अजय खेड़ी बर्की प्रियंका हुडा,व एस. के. वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रद्धांजलि समारोह के उपरांत आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी, आप के व्यापार सेल के जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष व हांसी के पूर्व हलका अध्यक्ष डॉ. रामबिलास जांगडा एवं हांसी ब्लॉक अध्यक्ष व हांसी के पूर्व संगठन मंत्री सुभाष भारती सहित काफी संख्या में उनके समर्थकों ने कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता को भरपूर सम्मान मिलता है और काम करने का भी पूरा अवसर दिया जाता है।

## सूर्य नगर फाटक एक सप्ताह के लिए बंद

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** स्थानीय सूर्य नगर फाटक को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। बंद करने का कारण बताया जा रहा है कि अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज के ऊपर काम शुरू होगा। फाटक बंद होने के कारण सूर्य नगर का सारा एरिया एक तरह से कट सा गया है। आज इस तरफ आने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। महावीर कॉलोनी की ओर से और गलियों में से गुजरते हुए लोग अपने गंतव्य तक पहुंचे। वर्णन योग है की सूर्य नगर फाटक पर ओवर ब्रिज में अंडर ब्रिज का काम कई सालों से चल रहा है। स्थानीय निवासी इस ब्रिज का काम पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। लोगों ने कई बार ब्रिज का काम पूरा करने के लिए जिला प्रशासन से भी मांग की है पर काम बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना लगातार करना पड़ा रहा है।

## एड्स से कैसे बचा जाए, नुक्कड़ नाटक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** लक्षित हस्तक्षेप कार्यक्रम के अंतर्गत हिसार रेड क्रॉस के सचिव रवींद्र लोहान की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने आज विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक करके एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## फ्लैश न्यूज

- मिलगेट थाने में तैनात एएसआई अजय 5500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू।
- हिसार के सेक्टर 16 - 17 में सिविल लाइन थाने के समीप बने श्मशान घाट में 6 से 7 दान पात्र चोरों द्वारा तोड़े गए और शिव मंदिर से शेषनाग भी हुए चोरी।












# सम्पादकीय..........

## शहबाज शरीफ फिर बने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

आखिरकार लगभग एक माह के इंतजार के बाद पाकिस्तान को शहबाज शरीफ के रूप में प्रधानमंत्री मिल गया है। प्रधानमंत्री के रूप में वह दूसरी बार सत्ता संभाल रहे हैं। 72 वर्षीय शहबाज शरीफ करीब एक साल चार महीने देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। जाहिर है, प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से हटाकर शहबाज प्रधानमंत्री बने थे और इसमें उन्हें फौजी जनरलों का साथ मिला था। अभी भी वह फौज की मदद से ही सत्तानशीं हुए हैं। हालांकि, उनके पक्ष में खूब चुनावी गड़बड़ियां की गई हैं और उनकी जीत असहज किस्म की है। भूला नहीं जा सकता कि किस तरह से विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने रविवार को नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल किया। पीएमएल-एन और पीपीपी के साझा उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले, वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उमर अयूब खान को 92 वोट मिले हैं। ज्यादातर जानकार मान रहे हैं कि नैतिक रूप से यह चुनाव इमरान खान ने जीता है और उनकी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता सत्तारूढ़ गठजोड़ के नेताओं-कार्यकर्ताओं को देखते ही चोर-चोर के नारे लगा रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह चोर-चोर का नारा सत्ता पक्ष के साथ चिपक गया है और आने वाले समय में इस दाग से बचने के लिए शहबाज शरीफ को बड़े प्रयास करने होंगे। अगर वह काम के मोर्चे पर नाकाम रहते हैं, तो फिर चोर-चोर का जुमला उन्हें लगातार परेशान करता रहेगा। इस दौर में पाकिस्तान बड़ी मुसीबतों का सामना कर रहा है। वहां महंगाई दर 25 प्रतिशत के पार चल रही है। गलत नीतियों और विकास की उपेक्षा ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट के गर्त में पहुंचा दिया है। कर्ज मांगकर किसी तरह से काम चलाया जा रहा है। चीन ने शहबाज शरीफ को बधाई दी है, मगर यह देखने वाली बात होगी कि क्या चीन अपने मित्र देश को आर्थिक संकट से उबार सकेगा? सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि क्या शहबाज शरीफ दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद कुछ कमाल कर पाएंगे? शहबाज शरीफ से कितनी उम्मीद है? भारत के मद्देनजर अगर देखें, तो शहबाज ने प्रधानमंत्री चुने जाते ही कश्मीर का राग छेड़ दिया है, मतलब आतंकवाद के मोर्चे पर उन्होंने बिना देरी निराश किया है। पाकिस्तान के हुक्मरान की भारत विरोधी ग्रंथियां उनका पीछा छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस्लामिक स्टेट और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकी संगठनों द्वारा पाकिस्तान पर हमले बढ़ गए हैं। साल 2023 में वहां खूब हमले हुए हैं, जिनमें लगभग 550 सुरक्षाकर्मियों और 400 नागरिकों की जान गई है। पाकिस्तान का शासन अपनी खोदी हुई खाइयों में ही देश को गिराए चला जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान का पूरा चुनाव फौज के साये तले हुआ है और फौजी जनरल ही देश का एजेंडा तय करते हैं, जिस पर वहां की चुनी हुई सरकार को चलना पड़ता है। शहबाज शरीफ में अगर काम करने की इच्छा होगी, तो वह सेना को मनाने की कोशिश करेंगे, मगर ऐसी ही कोशिश में इमरान खान का जो हश्र हुआ है, वह पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि जम्हूरियत के साथ मजाक है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगर पाकिस्तान को अमन-चैन और तरक्की की राह पर ले जाएं, तो सबके लिए अच्छा है।

# सबसे उत्तम तीर्थ हमारा मन, शुद्ध मन में ही भगवान का वास

**अध्यात्म**

मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का कारण है। मनोगत भाव विचार ही जीवन की दिशा, दशा तय करते हैं। इसलिए जीवन के उत्थान के लिए जरूरी है कि मन को शुभ संकल्प और पवित्र स्वच्छ विचारों से संपन्न रखें। इसके साथ ही अपना परिवेश भी बाह्यांतर स्वच्छ पवित्र रहे। कहते हैं, तीर्थों को स्वच्छता प्रदान करना ही तीर्थ सेवा है। सबसे उत्तम तीर्थ हमारा मन है, क्योंकि केवल शुद्ध मन में ही भगवान का वास है और वही सबसे पवित्र तीर्थस्थली है। जब मन इन सांसारिक विषय वासना में आसक्त हो जाता है तब वह बंधन का कारण बनता है और जब यही मन वस्तु पदार्थों से अनासक्त होकर ईश्वर भक्ति में लीन हो जाता है तब वह बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष का कारण बन जाता है।

मन ही मोक्ष और बंधन का कारण है। इसलिए साधक को चाहिए कि अपना मन इंद्रियों के विषयों से दूर रखे। जो नहीं है, फिर हमें उससे कौन बांधता है? अज्ञान। अज्ञान के कारण मनुष्य असीमित आत्मा को सीमित देखता है। जो देश, काल और वस्तु से परे है, वह अखंड और असीमित है। वेदांत में आत्मा को, स्वयं को अखंड और असीमित मानते हैं। पर मनुष्य अज्ञान के कारण स्वयं को शरीर, मन और बुद्धि मान बैठता है। स्वयं को अनात्मा समझ बैठता है। इसके कारण वह स्वयं को बाहरी संसार से अलग मान बैठता है। जबकि मैं, तुम, हम सब में व्याप्त ब्रह्म ही है। हम अज्ञान के कारण असीमित ब्रह्म को सीमित कर देते हैं। यह जो सीमित है, वही जीवात्मा है। इसी जीव भाव के कारण हम कहते हैं, यह मेरा है, यह तेरा है। इसी जीव भाव के कारण, संसार में सारे भेद हैं और यही भाव हमारे और संसार के बीच बंधन का कारण है।

ब्रह्मांड के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक श्रीकृष्ण से अर्जुन ने पूछा कि हे गुरुदेव! मन तो बड़ा चंचल है। इसका निग्रह और स्थिरीकरण कैसे हो, यह तो सारी इंद्रियों को मथ डालता है। यह बहुत सबल है और बड़ी दृढता से प्रत्येक इंद्रिय के साथ मिल कर उसका विषयों से संयोग करा देता है। जैसे जल में प्रवहमान कोई नाव जलधारा की दिशा में बढ़ती चली जाती है, उसी तरह यह मन भी विषय नदी में बहता चला जाता है। जवाब में उन्होंने कहा, 'हे अर्जुन, मन को विषयों से मोड़कर मुझमें लगा देने पर ही यह स्थिर हो पाएगा। इसके अतिरिक्त कोई और रास्ता नहीं है।' मन ही है जो हमें किसी भी वस्तु, व्यक्ति, स्थान से बांध देता है और यही उनसे छुड़ा भी देता है। प्रत्येक जीव के संसार बंधन से मुक्ति का यही एकमेव साधन है। कोई किससे बंधना चाहता है या किससे छूटना चाहता है यह उसके मन पर ही निर्भर करता है।

इस प्रकार की श्रेष्ठ शिक्षा प्रत्येक मनुष्य के लिए है। सारे जप, तप, धर्म, यम, नियम, शास्त्र, व्रतानुष्ठान का लक्ष्य मन का निग्रह करना ही है। यह संसार असार है और मानव शरीर भी क्षण भंगुर है। मृत्यु के समय मनुष्य का परिवार और धन साथ नहीं चलते हैं। केवल उसका धर्म व सत्कर्म ही साथ जाते हैं। फिर भी मनुष्य अज्ञानवश विषयों और सुखों के पीछे भागता रहता है। इसलिए आनंद प्राप्ति का सत्य स्रोत एक परमात्मा ही है जो श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महापुरुषों के सत्संग और उनकी कृपा के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

# सुण मौल्लड़ की



मनोज राठी ने आप पार्टी छोड़ी।
कांग्रेस में शामिल।

**जुझारू नेता। आप पार्टी को नुकसान, कांग्रेस को फायदा।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** नए कार्यों की शुरूआत होगी। भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।
**वृषभ :** जोखिम के कार्यों से दूर रहें। मेहनत का पूरा लाभ मिलना मुश्किल है। शत्रु फंसाने का प्रयास करेंगे। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**मिथुन :** पुराने रोगों में राहत मिलेगी। जोखिम के कार्यों में रूचि बढ़ेगी। परिवार के साथ खुशी भरा समय व्यतीत करेंगे।
**कर्क :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। नकारात्मक विचारों का शिकार हो सकते हैं। सावधानीपूर्वक कार्य करें, चोट लगने की संभावना। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।
**सिंह :** भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। उच्च अध्ययन में सफलता प्राप्त होने की संभावना। पारिवारिक आयोजन सुखद रहेंगे।
**कन्या :** वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विपरीत माहौल का सामना करना पड़ेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**तुला :** छोटे भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। घूमने का कार्यक्रम बनेगा। नाक व कान का विशेष ध्यान रखें।
**वृश्चिक :** मांगलिक कार्यों पर खर्च संभव है। विपरीत मामले पक्ष में हल होंगे। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।
**धनु :** आज लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय भविष्य के निर्माण में सहायक होंगे। अनुभवी लोगों का साथ सफलता दिला सकता है। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी।
**मकर :** आय व्यय में तालमेल बनाकर चलें। खर्च की अधिकता परेशान करेगी। बेवजह बहस करने से बचें। दुर्गा माता की पूजा करें।
**कुंभ :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रु परास्त होंगे। आय के नए साधन बनेंगे।
**मीन :** दिन शुभ रहेगा। नौकरी तलाश रहे लोगों को सफलता मिलने की संभावना। अधिकारी वर्ग का सहयोग प्राप्त होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# इच्छाएं अच्छा बनने नहीं देती और क्या इच्छाएं कभी पूरी होती भी हैं!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



बचपन में एक गीत सुनते थे 'विषयों का जो विषपान किए जा रहा है तूं, खुद मौत का सामान लिए जा रहा है तूं ,आयु से पहले खत्म करके अपनी जिंदगी, खुद मौत का पैगाम लिए जा रहा है तूं।' यह वो समय था, जब 'सादा जीवन ऊंच विचार' को बच्चे अपने लिए नोटबुक के मुखपृष्ठ पर आदर्श वाक्यों के रुप में लिखते थे। लेकिन आजकल तो सब उल्टा-पुल्टा हो गया है, ऐसे विचारो वाले व्यक्ति को पागल या सिरफिरा समझा जाता है। पहले कहा करते थे, 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' पर अब जमाना यह आ गया है कि पूरा भारत ही एक रईस के बेटे की शादी से पहले के फंक्शनों में दीवाना हुआ पड़ा है 'मीडिया तो अपना फर्ज पूरा कर रहा है और आम आदमी उसकी शान शौकत देखकर, सुनकर अपना समय और ऊर्जा नष्ट कर रहा है।' महात्मा बुद्ध के ये कथन कि इच्छाएं ही दुःख का कारण है भूल गए हैं। हमारे जीवन में विलासिता,सुविधा और आवश्यकता में अंतर ही ख़त्म हो रहा है। विलासिता कब जीवन में सुविधा, और कब सुविधा हमारे लिए आवश्यकता का रुप ले लेती है, हमें पता ही नहीं पड़ रहा। इनको पूरा करने के साधन तो सीमित है, इसलिए तो आज जीवन में, दुःख,कलह क्लेश, तनाव और संबंधों में इतनी खींचातानी है। जरुरतों और इच्छाओं में फर्क करना आना चाहिए, महात्मा गांधी कहा करते थे कि इस धरा पर सबकी आवश्यकताओं को तो पूरा करने के लिए पर्याप्त है, पर लालच तो एक का भी पूरा नहीं किया जा सकता। इच्छाओं को बढ़ाना तो बहुत सरल है, उन पर लगाम लगाना कठिन है। महान दार्शनिक सुकरात अपने आप में बड़े संतुष्ट और प्रसन्न रहते थे। किसी ने उनसे इसका कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं सुखी हूं, क्योंकि मुझे किसी चीज की जरुरत ही नहीं है। वो व्यक्ति उन्हें बाजार ले जाता है और तमाम तरह की चीजों में से कुछ भी खरीदने के लिए कहता है। सुकरात सारा बाजार घूमते हैं, देखते हैं और प्रसन्न होकर लौट आते हैं और बड़े उत्साह से अपने मित्र से कहते हैं, 'देखो, मेरा जीवन इतनी सारी चीज़ों के बिना भी कितनी खूबसूरती से चल रहा है। मुझे इन की कोई कमी कभी महसूस ही नहीं हुई' इस कहते हैं मुक्त जीवन और उसकी मस्ती, जिसे कबीर दास यूं बयां करते हैं, 'दुनिया में हूं, दुनिया का तलबगार नहीं हूं, बाजार से गुजरा हूं, खरीददार नहीं हूं।'

**-डॉ. कमलेश कली**

# शिवा शक्ति मंदिर शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 8 मार्च को लाएगी पीएलए में विशाल भंडारा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** शिवा शक्ति मंदिर पटेल नगर के संजय नगर में स्थित मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर 8 मार्च शुक्रवार को स्थानीय पीएलए फ़ूड मार्केट पार्किंग में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। समिति के मुख्य सेवादार डॉ महिपाल मुंजाल ने बताया समिति पिछले 40 वर्षों से शिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन कर रही है। इस बार भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रातः 8:00 बजे विद्वान आचार्य आर सी मिश्रा द्वारा सर्व मंगल कामना हेतु हवन यज्ञ करवाया जाएगा। इस के साथ परिवाजक आर सी मिश्रा द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच भजन कीर्तन करेंगे व पावन आरती के उपरात 10:30 बजे से शिव बाबा की इच्छा तक विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर, डॉ सौरभ, अमित सेठी, गौरव भ्याना, धर्मबीर माटा, डॉ गौरव, गुलशन वधवा, तिलक राज, राधेश्याम जग्गा, पंडित नरेंद्र भार्गव, दिनेश नारंग, पंडित संतोष तिवारी अर्जुन मुख्य रूप से उपस्थित हो कर अपनी सेवाएं देंगे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य सुरभि आर्ट सोसायटी आयोजित करेगी राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 5 मार्च :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कला, साहित्य व संगीत को बढ़ावा देने वाली संस्था सुरभि आर्ट सोसायटी की ओर से राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ऑनलाइन माध्यम होगा। इस प्रदर्शनी में महिला कलाकारों द्वारा निर्मित की जाने वाली पेंटिंग, शिल्प कला, पोस्टर मेकिंग, छायाचित्र व इंस्टॉलेशन को शामिल किया जाएगा। सुरभि आर्ट सोसायटी के प्रधान डॉक्टर राजेश जांगड़ा, सचिव कविता मोर, कोषाध्यक्ष बनी सिंह जांगड़ा व सदस्य विनीत जांगड़ा ने यह जानकारी सांझा करते हुए बताया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला कलाकारों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केबीआर्टिस्ट30 एट द रेट ऑफ जीमेल डॉट कॉम पर 8 मार्च तक इंट्री दर्ज करवाई जा सकती है।

# महिला दिवस व महाशिवरात्रि के उपलक्ष में महिलाओं के लिए शुगर, थायराइड व जोड़ों के दर्द का नि:शुल्क परामर्श कैम्प 6 से पीएलए में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** महिला दिवस तथा महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शाश्वत नेचर क्योर एंड हेल्थ सेंटर, 789 पीएलए, सामने एक्सिस बैंक की तरफ से महिलाओं के लिए, जो शुगर थायराइड तथा जोड़ों के दर्द से ग्रस्त हैं, उनके लिए तीन दिन के कैम्प में निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। तीन दिवसीय निःशुल्क कंसल्टेशन 6 मार्च से 8 मार्च तक सुबह 10:00 से शाम को 5:00 बजे तक रहेगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर रिंपल मित्तल, डॉ. राजेश शर्मा तथा डॉक्टर सुशीला बंसल अपना सहयोग देंगे। कृपया रजिस्ट्रेशन करवा कर आएं। रजिस्ट्रेशन 789, पीएलए सामने एक्सिस बैंक, हिसार मो. 8930893253 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# राजकीय महाविद्यालय नलवा में विद्यार्थियों को दी गई सोशल मीडिया के उपयोग व दुरूपयोग की जानकारी

**प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन ने विस्तार व्याखान की सफलता के लिए सम्बंधित विभाग को दी बधाई**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :**महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा सोमवार को प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन की अध्यक्षता व कम्प्यूटर साईस विभागाध्यक्ष श्री अनिल कुमार को संयोजकता में सोशल नेटवर्किंग साईटों में फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर जैसी साइटों के उपयोग व दुरुपयोग के बारे में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन की भूमिका का निर्वहन राजकीय महाविद्यालय, हांसी के सहायक प्रोफेसर श्री अनिल कुमार ने किया। उन्होंने अपने व्याखान में बताया कि सोशल नेटवर्किंग में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके व्यक्तिगत और व्यावसायिक सम्बन्धो का विकास और रखरखाव शामिल होता है। यह फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसी सोशल नेटवर्किंग साईटो के उपयोग के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि सोशल नेटवर्किंग साईटों के माध्यम से सोशल मीडिया मार्केटिंग को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। साथ ही उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस जैसी वैश्विक महामारी में भी सोशल नेटवर्किंग साईटों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'अति' किसी भी वस्तु में अच्छी नहीं होती अतः सोशल मीडिया का एक सकारात्मक व सन्तुलन प्रयोग किया जाना चाहिए यदि इसका अत्याधिक प्रयोग किया तो यह आप सभी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा भी सिद्ध हो सकता है। आज तकनीकि के युग में सोशल मीडिया के सदुपयोग से वास्तविक सूचना का आदान-प्रदान कर लोगों में जागरूकता लाई जा सकती है। आयोजित व्याख्यान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित वरिष्ठ प्राध्यापक श्री शैलेन्द्र सिंह, डॉ. मीनाक्षी, डॉ अनिल कुमार, डॉ विनोद गिल, डॉ. रवीन्द्र पुनिया, डॉ वीरेंदर सिंह, डॉ. वंदना शर्मा, श्री सोनू, डॉ. अशोक, डॉ राकेश आर्यन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन ने विस्तार व्याखान की सफलता के लिए सम्बंधित विभाग को हार्दिक बधाई दी ।

**कर्म का मर्म**

# संत सूरदास ने सुनाया कृष्ण का पद, अकबर और तानसेन हो गए मंत्रमुग्ध



एक बार की बात है। मुगल बादशाह अकबर का दरबार लगा था। दरबार में संगीत सम्राट तानसेन के सुरों ने समां बांध रखा था। इसी बीच तानसेन ने बादशाह अकबर को संत सूरदास का एक पद गाकर सुनाया। वह पद सुनकर सम्राट अकबर बड़े आनंदित हुए और बोले, 'तानसेन, आपने ऐसा मधुर पद पहले तो कभी हमें नहीं सुनाया?' तानसेन ने जवाब दिया, 'जिल्लेसुभानी, यह पद मेरा नहीं है। यह तो संत सूरदास की रचना है।' इस पर अकबर बोले, 'उन्हें दरबार में बुलाओ, मैं उनके मुख से सुनना चाहता हूं।' तानसेन ने कहा, 'संत सूरदास तो अपने आपको प्रभु के चरणों में समर्पित कर गाते हैं। उन्हें धन-संपत्ति की इच्छा भी नहीं है। इसलिए उन्हें नहीं बुला सकेंगे।'

एक बार की बात है। मुगल बादशाह अकबर का दरबार लगा था। दरबार में संगीत सम्राट तानसेन के सुरों ने समां बांध रखा था। इसी बीच तानसेन ने बादशाह अकबर को संत सूरदास का एक पद गाकर सुनाया। वह पद सुनकर सम्राट अकबर बड़े आनंदित हुए और बोले, 'तानसेन, आपने ऐसा मधुर पद पहले तो कभी हमें नहीं सुनाया?' तानसेन ने जवाब दिया, 'जिल्लेसुभानी, यह पद मेरा नहीं है। यह तो संत सूरदास की रचना है।' इस पर अकबर बोले, 'उन्हें दरबार में बुलाओ, मैं उनके मुख से सुनना चाहता हूं।' तानसेन ने कहा, 'संत सूरदास तो अपने आपको प्रभु के चरणों में समर्पित कर गाते हैं। उन्हें धन-संपत्ति की इच्छा भी नहीं है। इसलिए उन्हें नहीं बुला सकेंगे।'

संत ने कहा, सारी भूमि गोपाल की है। थोड़ी पर मेरा नाम क्यों लिखवाते हो, मुझे नहीं चाहिए। सम्राट ने कहा कि 'मैं आपकी क्या सेवा करूं? मैं आपके गीत से अति प्रसन्न हूं।' तब संत ने कहा, 'यदि मुझे कुछ देना चाहते हैं तो इतना कीजिए कि मैं यहीं पर रह सकूं।' बादशाह ने स्वीकार कर लिया और वह वहां से चल दिए।

# जीजेयू में क्रांतिकारी छात्र संघ द्वारा की गई हड़ताल




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव बहाल करवाने, ई वन सेमेस्टर में जीजेयू के सभी कॉलेजों में नाजायज रीअपियर दी गई है, उनके पेपर दोबारा चैक करवाने, विद्यार्थियों की फीस कम करवाने सहित कई मांगों को लेकर क्रांतिकारी छात्र संगठन के अध्यक्ष हरिकेश ढांडा के नेतृत्व में हड़ताल की गई। मौके पर वाइस चांसलर द्वारा छात्रों की मांगों पर संज्ञान लिया गया, जिसमें जिन छात्रों की नाजायज रिअपियर दी गई थी, उनकी सीटें दोबारा करवाई गई तथा उनका समाधान किया गया। इसके अलावा जीजेयू में छात्रसंघ चुनाव करवाने को लेकर वीसी ने मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सौरभ ढांडा ने कहा कि अगर एक सप्ताह तक छात्र संघ चुनाव की तारीखें घोषित नहीं की गई तो उसके बाद हम बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनाएंगे। इस मौके पर लक्ष्य जाखड़, बिमल, दीपक, परमोद, साहित झोझू व अन्य छात्र उपस्थित रहे।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र व अग्निस्त्र का प्रयोग करके प्राकृतिक खेती को एक सफल मॉडल के रूप में अपनाए किसान : प्रो. बी. आर. काम्बोज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर द्वारा 'गौ-आधारित प्राकृतिक खेती' विषय पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम व कृषि विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने किसानों को जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र अग्निस्त्र, दशप्रनी अर्क आदि का प्रयोग करके प्राकृतिक खेती को एक सफल मॉडल के रूप में विकसित करके अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। गौ-आधारित प्राकृतिक खेती से न केवल पर्यायवरण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुख्यातिथि ने किसानों को कृषि कार्यों में नई तकनीक अपनाने की सलाह दी। साथ ही किसानों को अपने उत्पादों का प्रसंस्करण करके मूल्य संवर्धन करने तथा अपने उत्पादों की खुद कीमत तय करके विपण्णन करके अधिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने फार्मर प्रोड्यूजर ओर्गेनाइजेशन के तौर पर समूह बनाकर काम करने, जिसमें शुद्ध अनाज, सब्जी, फल तैयार करके अधिक उत्पादन लेने के लिए किसानों को जागरूक किया।





विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती में अंतर को समझाते हुए, वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहन दे रही है। किसान विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों से तकनीकी जानकारी लेकर सीमित क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की शुरुआत कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. राजेश आर्य व डॉ. सुनील ने किसानों को विश्वविद्यालय द्वारा इजाद की गई विभिन्न किस्मों व तकनीकों की जानकारी दी। सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ ओपी नेहरा, डॉ बी.डी यादव ने विभिन्न फसलों में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के को-ऑर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र कुमार ने किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचार द्वारा स्वरोजगार स्थापित करके अपनी आमदन बढ़ाने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर लागत कम करके मुनाफा बढ़ाने की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान खेतीबाड़ी से जुड़ी मशीनरी, उर्वरक, सिंचाई में काम आने वाली सिस्टम तथा अन्य इनपुट बनाने वाली कंपनियों की प्रदर्शनियां भी लगाई गई, जिसमें सब्जी उत्पादन में काम आने वाली मशीनें, शत-प्रतिशत जल विलय उर्वरक तथा नैनो यूरिया व नैनो डीएपी इत्यादि उत्पादों के बारे में किसानों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसान सरपंच नथूराम, श्रीरामेश्वर करिर, शिवशंकर, कृष्ण रावलवास, सरजीत, विक्रम खांडा खेड़ी, चिरिंजी, कार्तिक को सम्मानित किया गया। इन प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती के बारे में अपने अनुभव साझा करके अन्य किसानों को भी प्रेरित किया। इस अवसर पर केवीके के वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप व डॉ. दिनेश भी उपस्थित रहे।

## सेना भर्ती कार्यालय अंबाला द्वारा अग्निवीर जनरल डयूटी श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** सेना भर्ती कार्यालय, अंबाला द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल डयूटी श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय हिसार से भर्ती निदेशक ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों में रोल नंबर AMB_HAR_HIS_AVWMP_2023_100191 और AMB_HAR_HIS_AVWMP_2023_ 100265100265 हिसार क्षेत्र से संबंधित है। चयनित उम्मीदवार 15 मार्च को सुबह 10 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में पहुँचें।

## एफ. सी. कॉलेज की छात्राओं ने किया ग्लोबल न्यूरोसाइकियाट्री हॉस्पीटल का शैक्षणिक भ्रमण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** फतेहचंद महिला महाविद्यालय, हिसार की मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं का हिसार के ग्लोबल न्यूरोसाइकियाट्री हॉस्पीटल में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जिसका नेतृत्व महाविद्यालय की प्राध्यापिका रूबल तथा रिंकू ने किया। वहाँ पर ग्लोबल हॉस्पीटल के संचालक डॉ. नरेंद्र रोहिल्ला के मार्गदर्शन में उनकी सहयोगी डॉ. प्रतिभा (क्लीनिकल सॉइकोलोजिस्ट) ने उनको काउंसलिंग, क्लीनिकल साइकॉलोजी तथा मनोविज्ञान विषय से जुड़े मनोविकार, निदान प्रक्रिया तथा हॉस्पीटल सेट-अप के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया, उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाया तथा उपरोक्त विषय से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। जिससे वे भविष्य में मनोविज्ञान विषय से जुड़े अनेक कैरियर विकल्पों को लेकर जागरूक हो सकें।

## 'मेक इंन इंडिया' के तहत भारत में बनेंगे सेना के अत्याधुनिक रॉकेट लॉन्चर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 5 मार्च :** स्वीडन की डिफेंस प्रोडक्ट मेकिंग कंपनी साब (एसएएबी) पैदल सैनिकों के कंधे पर रखकर चलाए जाने वाले रॉकेट लॉन्चर कार्ल गुस्ताफ एम-4 का निर्माण अब भारत में करने का ऐलान किया है। सोमवार को दोनों देशों के कंपनी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरियाणा के झज्जर में प्रोडक्शन यूनिट की नींव रखी गई। यहां एक साल बाद प्रोडक्शन कार्य शुरू होने की उम्मीद है। साब डिफेंस प्रोजेक्ट्स, के मामले में भारत में 100 प्रतिशत एफडीआइ हासिल करने वाली पहली कंपनी है।


## फसल खराबे के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** किसान नेता अनिल गोरछी ने बताया कि जिन-जिन गांव में बारिश व ओलो से फसल



खराब हुई है उनके लिए सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल 72 घण्टे के लिए खोल दिया है। सभी साथियों से निवेदन है कि वह अपनी फसल का खराबा पोर्टल पर जल्दी से जल्दी अपलोड कर दें। और अपने आस-पास के किसानों को जरूर सूचना दें। क्योंकि मुआवजा उसी किसान को मिलेगा, जिसने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराबा दर्ज किया हो।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी का जताएंगी आभार : सुनीता रेड्डू

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में शक्ति वंदन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी जिला अध्यक्ष डा. आशा खेदड़ बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। बैठक में मोर्चा द्वारा आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय शक्ति वंदन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष डा. आशा खेदड़ ने बताया कि 6 मार्च तक नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत जिला और विधानसभा स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को हमें सफल बनाना है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिसके तहत महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी द्वारा दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून (नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023) लागू करके मजबूत बनाया है।




बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने बताया कि भाजपा देश-प्रदेश की महिलाओं को खूब मान-सम्मान एवं प्रोत्साहन दे रही है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा महिला जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं जैसे मातृ वंदन योजना, स्टैंडर्ड ऑफ इंडिया योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, गौरा कन्या आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शक्ति वंदन दौड़ मे जिला महिला मोर्चा की बहने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करेगी। 5 मार्च को प्रत्येक विधानसभा में शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पदयात्रा अथवा स्कूटी यात्रा अथवा बाइक यात्रा अथवा साइकिल यात्रा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें मोर्चे की बहने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लेकर मोदी सरकार में हो रहे नारी सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करेंगी। 6 मार्च को शक्ति वंदन समापन कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम बंगाल मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली मेगा रैली को प्रत्येक मंडल में एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा।

बैठक में डॉ आशा खेदड़ ने आए हुए सभी पदाधिकारी को पटका पहनकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री उषा सिंह ने आए हुई सभी पदाधिकारी का अभिनंदन व स्वागत किया।

बैठक में मोर्चा की हिसार लोकसभा प्रभारी जसविंद्र कौर (पिंकी), सह प्रभारी राखी मक्कड़, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा लक्ष्मी गोयल, जिला महामंत्री महिला मोर्चा सीमा चावरिया व उषा सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुमन यादव, सीमा शर्मा, निर्मला खरकड़ा, जिला सचिव नीलम जांगडा, सरला शर्मा, आशा चुघ, कोषाध्यक्ष विद्या देवी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूनम जांगडा, पिंकी राजथल, लक्ष्मी सोनी, गीता रेड्डू, संतोष, संतोष बेनीवाल, मंजू सरदाना, बेबी, मुकेश कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष, सुमन, अंग्रेजो, सुशीला, संजना, प्रिया, सुमन देवी सहित मोर्चा की अनेक पदाधिकारी मौजूद रही।

# डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

## पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिन 1 लाख 10 हजार 566 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवाई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिन जिले में 1 लाख 10 हजार 566 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने नगोरी गेट स्थित जैन औषधालय में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। पल्स पोलियो अभियान के तहत आर्यनगर ब्लाक में 11 हजार 557, बरवाला ब्लाक में 14 हजार 532, मंगाली ब्लाक में 10 हजार 225, नारनौंद ब्लॉक में 1 हजार 172, मिर्चपुर ब्लाक में 6 हजार 847, खांडा खेड़ी ब्लाक में 6 हजार 562, सिसाए ब्लाक में 7 हजार 345, सोरखी ब्लाक में 7 हजार 289, सीसवाल ब्लाक में 9 हजार 838, उकलाना ब्लॉक में 9 हजार 069, आदमपुर ब्लाक में 1 हजार 786, हांसी ब्लाक में 5 हजार 342 व अर्बन हिसार में 19 हजार 2 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भारतवर्ष से पोलियो के उन्मूलन में सभी जिलावासी आगामी दो दिनों के अन्दर 5 वर्ष से छोटे बच्चों को पोलियो की दवाई पिलवायें व आपके घरों में आने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ सहयोग करें। इस अवसर पर पीएमओ डॉ रत्ना भारती व उप सिविल सर्जन डॉ तरुण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ओलावृष्टि से 'कलरफुल इंडिया' मुहिम को लगा झटका

## धरती को गुलजार करने की इस मुहिम के तहत प्रत्येक वर्ष तीस लाख पौधे होते थे निशुल्क वितरित


पहले


अब

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** ओलावृष्टि व तेज बरसात से सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन की मुहिम 'कलरफुल इंडिया' को भारी झटका लगा है। प्रदेश के दस जिलों के स्कूलों, गांवों, सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों को निःशुल्क लाखों पौधे बांटने वाली तलवंडी राणा के श्मशान घाट स्थित राह संस्था की कलरफुल इंडिया मुहिम की प्रदेश की सबसे बड़ी नर्सरी इस ओलावृष्टि से पूर्ण रूप से तबाह हो गई है। प्रदेश में गर्मियों एवं सर्दियों के मौसम के पौधे निशुल्क वितरित करने की कड़ी में ऑक्सीजन जोन विलेज तलवंडी राणा में इन दिनों गेंदा, डेलिया, आइस, कराईटेना, करन डोला, पीली सरसों, आयरस, प्लक, फ्लोक्स, स्वीट विलियम, कॉसमॉस, कैलेन्डूला, डेजी, स्टॉक, वॉल फ्लावर, पॉपी, कैलिफोर्निया पॉपी, नगरेट, लीफ वॉल फ्लावर, चांदनी, चांदी टफ, डहेलिया, पंजी, वरबीना, डिपोरिया, बराइकम, गजेनिया, जेरेनियम, स्टाक, सालविया, आस्टर, डैफोडिल, फ्रेशिया जैसे पौधे के फूल बहुत अधिक मात्रा में खिले हुए थे। ये फूल भी बेहद उम्दा किस्म के थे। जिनसे आगे बीज तैयार किया जाना था। मगर दो दिनों से हुई ओलावृष्टि व बेमौसमी बरसात के कारण श्मशान घाट में लगी इन फूलों की क्यारियां लगभग तबाह ही हो गई है। तबाही का आलम यह है कि पेड़ों की सफेदी खराब होने से लेकर अधिकांश पौधों की टहनियां तक टूट कर बिखर गई हैं।

### क्या है 'कलरफुल इंडिया' मुहिम

देश के प्रत्येक कौने-कौने को रंग बिरंगे फूलों एवं पेड़-पौधों से गुलजार करने के लिए राह संस्था ने देशव्यापी 'कलरफुल इंडिया' का आगाज हरियाणा प्रदेश से किया है। उसके बाद राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों में सुगंधित एवं फुलदार पौधे एवं पेड़ लगाये जाना प्रस्तावित है। इस योजना का शुभारंभ वर्ष 2018 में हरियाणा प्रदेश के पहले 'ऑक्सीजन जोन विलेज' तलवंडी राणा से किया गया था।

# जिला ब्राह्मण सभा और विप्र फाउंडेशन का होली मिलन समारोह 17 मार्च को : देशबंधु कौशिक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** जिला ब्राह्मण सभा और विप्र फाउंडेशन कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक जहाजपुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान राजकुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली मिलन समारोह के आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह जानकारी देते हुए जिला ब्राह्मण सभा के मीडिया प्रभारी देशबंधु कौशिक ने बताया कि बैठक में 17 मार्च को विप्र समाज का होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया और होली मिलन समारोह के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विप्र समाज को संगठित करना एवं समाज में भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि बैठक में ब्राह्मण समाज की विभिन्न मांगों पर भी विचार किया गया। बैठक में विप्र फाउंडेशन के प्रधान जिला कुलभूषण शर्मा, हरियाणा खण्डेलवाल सभा प्रधान पुरुषोत्तम दत्त शर्मा, जिला ब्राह्मण सभा महासचिव राजेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष छाजूराम न्याणा, जगदीश शास्त्री, देशबंधु कौशिक, सत्यवान, प्रवीण, चंचल शर्मा, नरेश, सुभाष, विजय शर्मा, अनिल शर्मा, अशोक शर्मा, जयकुमार, सतेन्द्र शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।



# जागरुकता और सत्यता का सफर है विपश्यना ध्यान : आचार्या माँ कल्पना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार द्वारा कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में आचार्या माँ कल्पना के नेतृत्व में विपश्यना ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि विपश्यना ध्यान ने मानव जीवन को सच्चे सुख और शांति की ओर अग्रसर किया है, जिसका अर्थ है 'खुद को देखना'। विपश्यना ध्यान का मुख्य उद्देश्य आत्मा के अंदर की गहराईयों में जाकर सत्यता की प्राप्ति करना है। इस ध्यान पद्धति के माध्यम से, व्यक्ति अपने चित्त को शांत, स्थिर और एकाग्रचित्त में लेकर जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करता है। विपश्यना ध्यान का अभ्यास करने के लिए व्यक्ति को एक सुखद और शांतिपूर्ण स्थान चुनना चाहिए जहाँ वह बिना किसी अफरा-तफरा के अपने आत्मा की खोज में रत रह सके। ध्यान के बाद ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन ध्यान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे चर्चा की। हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ओशोधारा हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी कड़ी में 29 से 31 मार्च को हिसार में तीन ध्यान योग के कार्यक्रम रखें हैं जिसमें से 2 हिसार शहर में और एक हांसी में और पूरे देश में 30 से अधिक कार्यक्रम होंगे। ओशोधारा के साधना केंद्र कौशिक नगर हिसार पर हर रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक ध्यान का सेशन सभी के लिए निःशुल्क है।



# बसपा की 'संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा' ने किया हिसार में प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** बहुजन समाज पार्टी द्वारा संचालित 'संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प रथ यात्रा' ने आज दल बल के साथ हिसार लोकसभा में प्रवेश किया। यह यात्रा बसपा प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी के गांव सोरखी से शुरू हुई। यात्रा में मुख्य तौर पर बसपा के केंद्रीय प्रभारी कुलदीप बाल्यान, प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा, बसपा प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी, प्रदेश सचिव प्रदीप अंबेडकर ने यात्रा का नेतृत्व किया। बाल्यान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में फैले गुंडाराज से जनता तंग आ चुकी है और अब कांग्रेस को नकारते हुए बसपा की तरफ देख रही है। बहन मायावती के शासन काल में न्याय व्यवस्था इस देश में आदर्श रही है।



उन्होंने हिसार वासियों से बसपा से जुड़ने की अपील की। राजबीर सोरखी ने गांव में हुई जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस, भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों ने बारी-बारी प्रदेश को लूटा है। अब किसान, मजदूर, खिलाड़ी, छात्र वर्ग, कर्मचारी वर्ग का खूब शोषण किया है। अबकी बार जनता इन दोनों दलों को नकारते हुए बसपा से जुड़ रही है। इस यात्रा में बसपा को भारी समर्थन मिल रहा है जिससे कांग्रेस भाजपा में बोखलाहट है। प्रदीप अंबेडकर ने लोहारी की जनसभा में बोलते हुए कहा कि बसपा संविधान को अपना मेनिफेस्टो मानती है। यात्रा हांसी नारनौंद रामायण नियाना होते हुए हिसार शहर के विभिन्न हिस्सों से घूमते हुए नलवा विधानसभा के गांवों में पार्टी का प्रचार करते हुए हिसार स्थित गुरु रविदास छात्रावास पहुंची।

# 'यर्जु-वेदशाला' एस्ट्रोनोमी ने हरियाणा के 238 सरकारी स्कूलों में की शुरूआत

## हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, आईआईटी इंदौर और एंपरसेंड ग्रुप के बीच साझेदारी छात्रों को देगी यूनिवर्स के अध्ययन का अनूठा अनुभव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** हरियाणा में 'यर्जु-वेदशाला' एस्ट्रोनोमी लैब ने 238 सरकारी स्कूलों में अपनी शुरूआत की है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी इंदौर) के नेतृत्व में, एंपरसेंड ग्रुप के परामर्श से संचालित यह परियोजना विज्ञान की शिक्षा में बड़ा बदलाव लाएगी और छात्रों में जिज्ञासा की भावना को बढ़ावा देगी।

एड्युस्पार्क इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित एंपरसेंड ग्रुप शिक्षा, कौशल एवंप्रशिक्षण पर प्रभाव उत्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब एंपरसेंड ग्रुप इस बदलावकारी परियोजना की सफलता में योगदान देने के लिए तैयार है।

इस बदलावकारी परियोजना के साथ जुड़ना एंपरसंड ग्रुप के लिए खुशी की बात है जो युवाओं में एस्ट्रोनोमी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करेगी। इस परियोजना के माध्यम से हम बच्चों एवं युवाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं। विनेश मेनन, सीईओ, एंपरसेंड ग्रुप ने कहा, जिसने आईआईटी इंदौर के साथ साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत सोसाइटी है, जिसके पास हरियाणा राज्य में समग्र शिक्षा को लागू करने की जिम्मेदारी है। विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए बजट आवंटन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एस्ट्रोनोमी लैब्स की स्थापना के माध्यम से सैकण्डरी स्कूलों में इनोवेशन को प्रोत्साहित कर रहा है।

आईआईटी इंदौर एक स्वायत्त वैधानिक संगठन है, जो डिपार्टमेन्ट ऑफ एस्ट्रोनोमी, एस्ट्रोफिजिक्स और स्पेस इंजीनियरिंग के माध्यम से एस्ट्रोनोमी एवं अंतरिक्ष के मौसम और नेविगेशन अध्ययन जैसे विषयों की व्यापक रेंज पर फोकस करता है।

'यर्जु-वेदशाला' एस्ट्रोनोमी लैब का उद्देश्य एस्ट्रोनोमी के क्षेत्र में छात्रों को ढेरों संभावनाएं उपलब्ध कराना, तथा उनमं रचनात्मक विचारों एवं इनोवेशन को प्रोत्साहित करना है।

यूनिवर्स विशाल एवं रहस्यमयी है और एस्ट्रोनोमी लैब का उद्देश्य युवाओं के मन में छिपे रहस्यों को स्पष्ट करना है। ये लैब्स इस तरह से डिजाइन की गई हैं कि ये छात्रों में रचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर उन्हें लर्निंग का अनूठा अनुभव प्रदान करती हैं। एस्ट्रोनोमी न सिर्फ तर्कसंगत विचारों को बढ़ावा देती बल्कि छात्रों को ऐसा मंच भी प्रदान करती है जहां उन्हें प्रयोग, अनुसंधान करने और अपनी समस्याओं को हल करने का अवसर मिलता है।

एस्ट्रोनोमी लैब्स में हिस्सा लेने वाले छात्रों को अंतरिक्ष के बारे में पढ़ने, यूनिवर्स के इतिहास एवं भविष्य को जानने, इसमें छिपी वस्तुओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है। ये लैब्स उन्हें प्रयोग करने, रचनात्मक एवं कल्पनात्मक रूप से से सोचने का मौका देती हैं। उन्हें ऐसा मंच प्रदान करती हैं, जहां वे एस्ट्रोनोमी से जुड़े शोध कार्योंको समझ सकें।

आईआईटी इंदौर और एपरसेंड ग्रुप के साथ साझेदारी तथा हार्डवेयर कम्पोनेन्ट्स के डिजाइन, इंस्टॉलेशन, अध्यापकों के प्रशिक्षण, परियोजना प्रबन्धन एवं ऑनलाईन सहयोग और मूल्यांकन के साथ-साथ आईआईटी इंदौर की लैब में मेधावी छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद, सेमिनार, प्रदर्शनियां और विज़िटेशन प्रोग्राम भी शामिल किए जाएंगे।

'यर्जु-वेदशाला' एस्ट्रोनोमी लैब्स का उद्घाटन हरियाणा में विज्ञान की शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, आईआईटी इंदौर और एंपरसेंड ग्रुप के बीच साझेदारी के द्वारा यह मंच छात्रों में एस्ट्रोनोमी के प्रति उत्सुकता को बढ़ावा देने तथा विचारकों, इनोवेटर्स एवं वैज्ञानिक समुदाय की नई पीढ़ी के निर्माण के लिए तैयार है।

# छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के खिलाड़ियों का खेलो इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं खेल प्रभारी डॉ महेश ख्यालिया ने बताया कि कॉलेज के बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अवनी ने असम में आयोजित हुई खेलो इंडिया आर्चरी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अवनी ने पटियाला में आयोजित हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था।



महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र प्रवीण ने सिक्किम में आयोजित हुई खेलो इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 71 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रवीण ने चंडीगढ़ में आयोजित हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल जीता था। आज महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्या डॉ नीलम सिंह ने दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया तथा उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका स्वीटी जून भी मौजूद रही।

# पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में खादी की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

# राज्य के 43000 कामगारों को रोजगार दे रही है खादी संस्था

## दस दिवसीय खादी प्रदर्शनी में फैशन शो का आयोजन, 102 स्टॉलों पर सूती, ऊनी, रेशम खादी व पॉलीवस्त्र बिक्री के लिए उपलब्ध

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु मध्यम एवं उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का एक उपक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उद्यमियों की उत्पादित माल को बिक्री योग्य वस्तुए बनाने का प्रशिक्षण देना व बनवाना जो बाजार में बिक्री योग्य हो जिससे उनके रोजगार की निरंतरता बनी रहे व उनमें स्वावम्बन की भावना बने।

खादी संस्थाओं के माध्यम से सूती खादी, रेशम खादी, ऊनी खादी एवं पॉलीवस्त्र का उत्पादन किया जाता है। हरियाणा में लगभग 250 खादी बिक्री भण्डारों के माध्यम से सूत खादी, ऊनी खादी, रेशम खादी एवं पोलीवस्त्र की बिक्री की जाती है जिससे हरियाणा राज्य में लगभग 43000 कामगारों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म निर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना एवं सपनों को साकार करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत हरियाणा प्रदेश में जिला उद्योग एवं हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मिलकर लगभग 9000 इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं।



खादी व ग्रामोद्योग इकाइयों द्वारा तैयार किये गए उत्पादों की बिक्री के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन हिसार के पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। 28 फरवरी से शुरू हुई यही प्रदर्शनी 08 मार्च तक चलेगी। दस दिवसीय इस प्रदर्शनी में हरियाणा एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष से खादी एवं ग्रामोद्योग इकाईयों की 102 स्टॉल लगाई गयी है जिनमें विभिन्न स्वदेशी एवं आर्गेनिक उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में हिसार के पांच राष्ट्रीयकृत बैंकों के काउंटर लगाये गए है।

प्रदर्शनी के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्क्रतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में खादी फैशन शो का आयोजन किया। फैशन शो की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा रानी तथा भारतीय किसान संघ, हरियाणा के उपाध्यक्ष राजेन्द्र विचपड़ी विशिष्ट अतिथि रहे। भारतीय किसान संघ हरियाणा ने खादी मेले की प्रशंसा करते हुए सभी हिसार निवासियों से खादी खरीद करने की अपील की। फैशन शो में देश भक्ति की एक लघु नाटिका का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन खादी और ग्रामोद्योग आयोग अम्बाला के माध्यम से हिसार की इवेंट मनेजमेंट एजेंसी 'कार्ट प्रिंट-हिसार' द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी को राज्य निदेशक शिव कुमार द्वारा प्रोत्साहित करते हुए आयोजक इवेंट एजेंसी एवं प्रदर्शनी में पहुंचने वाले ग्राहकों को शुभकामनाएं दी। इस भव्य फैशन शो में खादी और ग्रामोद्योग आयोग अम्बाला छावनी की ओर से अरुण कुमार, सहायक निदेशक एवं अजय कुमार, सहायक निदेशक तथा पी.एम.ई.जी.पी. मार्केटिंग विशेषज्ञ त्रतु तथा इवेंट एजेंसी के गौरव कुमार तथा अंशुल सरदाना एवं राजेश संधु उपस्थित रहे।

---

*मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया श्री श्याम महोत्सव*

## श्री श्याम महोत्सव में श्याम बाबा के भजनों पर झूमने लगे श्रद्धालु : सचिन गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम बाबा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव में श्याम बाबा के भजन व गुणगान सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे। महोत्सव के लिए प्रातः निशान यात्रा निकाली गई। यह निशान यात्रा फूल मार्केट से चलकर विभिन्न बाजारों से होते हुए धोबी घाट के पास स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। इस दौरान श्याम बाबा की ध्वजा थामे हुए श्रद्धालु श्याम बाबा का जयघोष करते रहे। श्री श्याम जनता मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्री श्याम महोत्सव में श्रद्धालुओं को श्याम बाबा का भव्य दरबार व



तेजोमयी शीश के दर्शन करने का अवसर मिला। इस दौरान फूलों व इत्र की वर्षा से भक्तगण सराबोर हो गए। श्री श्याम जनता मंडल के प्रधान सचिन गर्ग ने बताया कि महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर भजन गायक बृजवासी पागल, सुनील डाया, केशव गर्ग, पवन गेरा, सुशील गर्ग व किशोरी पलक ने श्याम बाबा का गुणगान करके पूरे माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। श्याम बाबा के भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने और नाचने लगे और पूरा पंडाल श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। उन्होंने बताया कि सभी श्रद्धालुओं के लिए 56 भोग का प्रसाद व श्री श्याम रसोई के माध्यम से सात्विक भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई।

---

*आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा की गांव कंवारी में जनसभा*

## कहा–आम आदमी पार्टी का हरियाणा में जबरदस्त रुझान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 5 मार्च :** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने विगत दिवस गांव कंवारी में जनसभा की। इस दौरान कई मौजीज लोगों ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 'इंडिया' गठबंधन बीजेपी का सूपड़ा साफ करने का काम करेगा। 'इंडिया' गठबंधन जनता के साथ मिलकर लोकतंत्र और देश को बचाने की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के डेढ़ हजार से ज्यादा गांव में जा चुका हूं। अपने अनुभव के आधार पर बता रहा हूं कि आम आदमी पार्टी का हरियाणा में जबरदस्त रुझान है। धीरे




धीरे हरियाणा के हर व्यक्ति के मन में आम आदमी पार्टी की विचारधारा घुसती जा रही है। आगामी चुनावों में हरियाणा में पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि 57 साल हरियाणा को बने हुए हो चुके हैं। 25 साल कांग्रेस की की सरकार रही थी। न स्कूल अच्छे हुए। न बिजली मिला और न ही पानी मिला। वहीं साढ़े 9 साल बीजेपी की सरकार को हो गए इसमें भी वही हाल है। आम जनता को कोई फायदा नहीं पहुंचा। न स्कूल अच्छे हुए। न सरकारी अस्पताल में इलाज होता है। बिजली भी 24 घंटे नहीं मिल रही है। ऐसा सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार है। जहां बिजली भी मुफ्त में दी जाती है, सरकारी स्कूलों को भी प्राइवेट स्कूलों से भी बढ़िया बनाया जाता है। सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं होती हैं। इस मौके पर वीरेंद्र शर्मा, पवन फौजी, दलबीर किरमारा, राजेन्द्र सोरखी, संजय भूरा, जतिन शर्मा समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

---

## जिंदल स्टेनलेस ने स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के लिए ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग शुरू किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** जिंदल स्टेनलेस (जेएसएल) ने सततता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के भारत के लक्ष्यों के अनुरूप एक अभूतपूर्व पहल के तहत हरियाणा के हिसार में भारत के पहले हरित हाइड्रोजन संयंत्र का उपयोग शुरू किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, श्री अभ्युदय जिंदल ने परियोजना को लेकर आशावाद व्यक्त



करते हुए कहा कि सततता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इस पायलट परियोजना से कहीं आगे है। यह तो एक शुरूआत है; स्टेनलेस स्टील निर्माण की अन्य प्रक्रियाओं में सफल अनुप्रयोग के आधार पर हम इसे बढ़ाएंगे। हम समझते हैं कि सततता केवल हासिल किया जाने वाला लक्ष्य नहीं है, बल्कि एक यात्रा है जिसके लिए निरंतर प्रयास और नवाचार की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर, हाइजेनको के सीईओ, श्री अमित बंसल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीन हाइड्रोजन क्रांति को बढ़ावा देने में योगदान करना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। यह पहल ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा देगी और विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन को बड़े पैमाने पर अपनाने के रास्ते खोलेगी। इस संयंत्र का लक्ष्य 20 वर्ष में लगभग 54,000 टन कार्बन उत्सर्जन कम करना है और यह दीर्घकालिक खरीद समझौते पर आधारित है। संयंत्र को एक उन्नत ऊर्जा प्रबंधन एवं नियंत्रण प्रणाली द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और हाइजेनको बिल्ड- ऑन- ऑपरेट मॉडल के तहत संयंत्र का संचालन कर रहा है।

---

*वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने रामबाबू सिंगल*

## वनवासी बंधुओं की सहायता के लिए वनवासी कल्याण आश्रम के कार्य विस्तार की योजना : रामबाबू सिंगल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** वनवासी बंधुओं की सहायता व उत्थान के प्रति समर्पित वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के जशपुर नगर में आयोजित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की साधारण सभा में सत्येंद्र सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया जबकि योगेश बापट राष्ट्रीय महामंत्री बने रहेंगे। पिछली कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमयाजुलू ने इस चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया। एचके नागु व तेची गुबिन को उपाध्यक्ष, विष्णुकांत व रामेश्वर



राम भगत को संयुक्त महामंत्री एवं महेश मोदी को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। कार्य समिति में डॉ. रेखा नागर, डॉ. माधवी देवबर्मन, रामबाबू सिंगल, शांताराम सिद्दी व परमेश्वर मुर्मू को अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुना गया। भगवान सहाय सह-संगठन मंत्री का कार्यभार संभालेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनने पर रामबाबू सिंगल ने कहा कि अब उनका दायित्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का अध्यक्ष होने के नाते वे सभी साथियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पहले से ही वनवासी बंधुओं की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं। अब राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनने के बाद वनवासी कल्याण आश्रम के कार्य विस्तार की योजना है।

---

## श्री श्याम मंदिर में महाशिवरात्रि पर 8 मार्च को किया जाएगा जलाभिषेक, 11 से 21 मार्च तक चलेगा श्री श्याम भगत मेला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** श्री श्याम मंदिर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। 8 मार्च को प्रातः 9 बजे पूजा-पाठ के उपरांत विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। किसान कॉलोनी में स्थित श्री श्याम मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी महाशिवरात्रि पर मंदिर में पूरी धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि आजाद नगर के पास किसान कॉलोनी में स्थापित श्री श्याम मंदिर के प्रति



श्रद्धालुओं की आस्था देखते हुए धार्मिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में श्री श्याम मंदिर में 11 से 21 मार्च तक श्री श्याम भगत मेला आयोजित किया जा रहा है। इस 11 दिवसीय भगत मेले के पहले दिन 11 मार्च को प्रोफेसर कॉलोनी की गली नं. 1 से दोपहर 12.15 बजे निशान यात्रा चलेगी। निशान यात्रा की संयोजक मंजू शर्मा द्वारा सभी भक्तों को निशान निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि 12 मार्च से 20 मार्च तक हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्री रामकथा करेंगे। 21 मार्च को प्रातः 11:15 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा।

---

## अणुव्रत समिति ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्राप्स

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** अणुव्रत अमृत महोत्सव पर तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी पोलियो मुक्त भारत अभियान में अणुव्रत समिति की विशेष भागीदारी रही है। अणुव्रत समिति के राष्ट्रीय अभियान के चलते अणुव्रत अनुशासता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपो मूर्ति मुनि श्री पृथ्वीराज व मुनि देवेंद्र कुमार के पावन आशीर्वाद से डीएन कॉलेज रोड सहित शहर के विभिन्न भागों पर डोर टू डोर करते हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। इस अभियान का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सतपाल अग्रवाल ने की। पोलियो मुक्त भारत अभियान पर चर्चा करते हुए समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा इस तरह के राष्ट्रव्यापी अभियान के चलते ही हमारा देश पोलियो से होने वाली अपंगता के अभिशाप से मुक्त हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सार्थकता इसी बात में है कि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा चक्र से नहीं छूटना चाहिए। इसलिए हर अभिभावक को अपने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्राप जरूर पिलानी चाहिए। समाजसेवी सतपाल अग्रवाल ने कहा कि इस तीन दिवसीय अभियान में समिति की ओर से शहर के विभिन्न विभिन्न स्थानों पर बूथ लगाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अणुव्रत समिति पहले भी इस तरह के अभियान में बढ़कर भाग लेती रही है। उन्होंने सभी अभिभावकों का आह्वान किया कि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा चक्र से छूटने न पाए। कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से बच्चों को पेंसिल, टॉफी, कप, बॉल आदि भेंट किए गए। इस अवसर अणुव्रत समिति से अनिल जैन, जगदीश गर्ग, राजकुमार सोनी, सतपाल शर्मा व स्वास्थ्य विभाग से अमरजीत कौर, एनएसएस के टीना, प्रिया, ट्विंकल, प्रमोद शर्मा, कमलेश, सज्जन कुमार सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---


डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573


**Name Change**

I, Bhawani Dass Mehta S/o Sh. Chanan Dass Mehta R/o H. No. 133, Defence Colony, Near Sapra Hospital, Hisar, Haryana, 125001 declare that I have changed my name from B D Mehta to BHAWANI DASS MEHTA for all future purpose.

\- Deponent

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।








Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences
We are Hiring
Medical Staff
• GNM Staff
Minimum 1 Year Experience
• B.Sc. Staff
Minimum 1 Year Experience
• ICU Staff
Well experienced & qualified
Salary no bar for deserving candidates
Interview
Friday & Saturday
Timing: 5 pm to 6 pm
Call Now : 93062 11312, 9992487111
e-mail : mghhisar2017@gmail.com
ITI, Chowk, Behind Hari Palace, Hisar




# अग्रोहा में राष्ट्र की महान विरासत, पुरातत्व खुदाई का फैसला सराहनीय : सावित्री जिन्दल

*अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से चेयर की स्थापना के मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज-अग्रोहा की चेयरपर्सन श्रीमती सावित्री जिन्दल ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि अग्रोहा राष्ट्र की महान विरासत और अग्रवाल समाज का पांचवां धाम है। उन्होंने अग्रोहा में पुरातत्व खुदाई और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन जी के नाम से चेयर की स्थापना के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है, जो न सिर्फ अग्रोहा धाम बल्कि हरियाणा के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा।

श्रीमती जिन्दल ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि अग्रोहा क्षेत्र के विकास के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग और हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के बीच जो समझौता होने जा रहा है, उससे 5100 वर्ष पूर्व महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी अग्रोहा के बारे में अनेक ऐसे तथ्य सामने आएंगे, जो पूरी मानवता के विकास में सहायक साबित होंगे। इस कदम से अग्रवाल समाज का स्वर्णिम इतिहास भी सामने आएगा, जिसका लाभ पूरे देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन जी ने 'एक ईंट-एक रुपया' का समाज सेवा का जो सिद्धांत दिया था, वह आज की परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है और जिसके माध्यम से सबका साथ-सबका विकास के सपनों को साकार किया जा सकता है।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार को अग्रवाल समाज की तरफ से धन्यवाद दिया।

# करोड़ों के जी. एस. टी. फ्राड का मामला, नोएडा पुलिस तवा और चम्मच तक ले गई



पुलिस सामान ले जाते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** यूपी के जी.एस.टी. के एक मोटे घपले में एक आरोपी बलदेव के पिता सतेन्द्र भारद्वाज उर्फ बिलू पंडित के डोगरा मौहल्ला स्थित घर में नोएडा पुलिस ने अदालती आदेश पर छापा मारा और घर का लगभग सारा सामान ट्रक में लादकर ले गई। बेड वगैरा जो सामान फिक्स था वह रह गया है। पुलिस तवा और चम्मच तक ले गई है। युवा समाजसेवी व दुकानदार नेता अक्षय मलिक का कहना है कि ''पुलिस निर्दोष पिता को प्रताड़ित न करे। उसके पिता का लायसेंसशुदा रिवाल्वर व असला भी पुलिस ले गई है जो कि अनुचित है। इसके बारे में पुलिस अधीक्षक से जांच की प्रार्थना की गई है। विदित हुआ है कि बलदेव पिछले काफी समय से हिसार नहीं आया है। हम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हैं।''

# सैनी ट्रस्ट विवाद : पुलिस ने दुकान का सामान पीड़िता को लौटाया



पुलिस थाना में मौजूद लोग तथा सामान ले जाते हुए ऑटो।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** राजगुरु मार्केट की 11 नम्बर शॉप एन्टीक फैशन के मालिक स्व. कृष्ण लाल सैनी के परिवार को फोन करके पुलिस ने आज दुकान का सामान लौटा दिया है। स्मरण रहे कि दुकान का ताला तोड़कर सामान उठा लिया गया था और पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर डकैती का केस दर्ज करने के लिए ज्ञापन दिया था। इस बीच परिवार ने नया सामान खरीदकर दुकान को गत दिवस खोल दिया था। जिस ऑटो पर सामान लादकर ले गए थे, उस पर नम्बर प्लेट नहीं था।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा हर मंडल में करेगा समरसता सम्मेलन : गोल्डी सैनी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के ओबीसी मोर्चा की बैठक मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी की अध्यक्षता में हुई जिसे जिला अध्यक्ष डॉ. आशा रानी खेदड़, ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी नीरज प्रजापत, जिला महामंत्री अशोक सैनी, एवं आशीष जोशी ने संबोधित किया। बैठक मैं फैसला लिया गया कि ओबीसी मोर्चा प्रत्येक मंडल में समरसता कार्यक्रम करेगा जिसमें हरियाणा के प्रमुख नेता मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित होंगे। गोल्डी सैनी ने कहा कि जल्द ही समरसता कार्यक्रम की तारीख तय की जाएगी। इन कार्यक्रमों में केंद्र व हरियाणा



सरकार द्वारा चलाई जा रही लोकहित की योजनाओं का प्रचार व प्रसार किया जाएगा व लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। इस दौरान ओबीसी मोर्चा की जिला टीम ने आश्वासन दिया कि वो इस कार्यक्रम को बड़े जोर शोर से उठाएंगे। बैठक में ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी, देसराज वर्मा, सुरेंद्र सिंह सैनी, राममेहर बैरागी, अनिल योगी, नरेश जांगड़ा, अंबिका प्रसाद, आशा यादव, जितेंद्र वर्मा, सीताराम जांगड़ा, बसंत कुमार, सुंदर सोनी, सुभाष, सत्यवीर वर्मा, सतीश गिल, राजकुमार दहिया, मोनिका जांगड़ा, श्याम जांगड़ा आदि भी मौजूद रहे।

# 8 मार्च को नारी शक्ति सम्मान समारोह तथा महाशिवरात्रि संकीर्तन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** टीम संजना सातरोड 8 मार्च को ताराफोर्ड एजेंसी परिसर, नजदीक शनि मंदिर, दिल्ली बायपास रोड, हिसार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नारी शक्ति सम्मान समारोह तथा महाशिवरात्रि संकीर्तन का आयोजन करेगी। संजना सातरोड़ ने कहा कि आप सब इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

# अग्रोहा टीले की खुदाई को लेकर अग्रवाल सम्मेलन की हिसार इकाई ने जताया प्रदेश सरकार का आभार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला हिसार इकाई की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोरखपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि अग्रोहा शक्ति पीठ (अग्र विभूती स्मारक) में कुलदेवी आद्धय महालक्ष्मी एवं अष्ट महालक्ष्मी जी का जो मंदिर निर्माणाधीन है उस हेतु प्रदेश भर में रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए व्यापक तैयारियां की जाए व दायित्व सौंपा जाए। ऐतिहासिक अग्रोहा टीले की खुदाई करवाये जाने को लेकर प्रदेश सरकार व भारतीय पुरातत्व विभाग के बीच नई दिल्ली में एमओ आई साइन किया गया है। इसके लिए बैठक में उपस्थित संस्था के सभी सदस्यों ने प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल, विधान सभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। अग्रोहा मेडिकल कॉलिज में महाराजा अग्रसैन चेयर स्थापित करने व हिसार हवाई अड्डे पर महाराज अग्रसैन की प्रतिमा स्थापित किये जाने का भी जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नरेश सिंगल, बृज भूषण जैन, सुरेश गोयल धूप वाला, राज कुमार जैन, विनोद कांसल, अशोक गर्ग, सीता राम मंगल, राम अवतार ठेकेदार, वेद प्रकाश जैन, मोहित गोयल, टीनू बालकिया, बलवन्त मोदी, मोहित सिंगल, अनिल बंसल, ईश्वर गोयल, प्रकाश अग्रवाल, अनिता जैन आदि उपस्थित रहे।

# पुरातात्विक महत्व के टीलों की खुदाई से अग्रोहा के प्रति लोगों का बढ़ेगा रुझान : जगदीश तायल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** अग्रोहा टीलों की खुदाई के लिए एमओयू हस्ताक्षरित होने पर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश तायल ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस कार्य की सराहना करते हुए तायल ने कहा कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन की राजधानी रहा है और किसी समय वैभव व समाजवाद का सशक्त उदाहरण था। उन्होंने कहा कि अग्रोहा टीलों की खुदाई से पुरातात्विक महत्व की असीमित सामग्री मिलने की संभावना है। पुरातात्विक महत्व के टीलों की खुदाई से अग्रोहा के प्रति लोगों का रूझान भी बढ़ेगा। जगदीश तायल, सुरेश मय्यैड, राजेश जैन, राजकुमार जैन व निरंजन गोयल ने संयुक्त रूप से कहा कि आजादी से पहले इन टीलों की खुदाई करवाई गई थी। उस समय यहां से काफी बेशकीमती वस्तुएं मिली थी। उन्होंने कहा कि अग्रोहा धार्मिक नगरी के रूप में देशभर में विख्यात है। यहां पर समय-समय पर देशभर से लोग पहुंचते हैं। इसलिए अग्रोहा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहिए और रेलवे लाइन से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिसार का हवाईअड्डा शुरू होने के बाद विदेश से भी लोग अग्रोहा पहुंच पाएंगे। इसलिए सरकार को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए और अग्रोहा के विकास के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्रोहा में मेडिकल कॉलेज स्थित है और इसके आसपास के क्षेत्र में अनेक धार्मिक स्थल भी स्थापित हैं।

# आईडी डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानन्द का 200वाँ जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** सेक्टर 14 स्थित आईडी डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल हिसार में युग प्रवर्तक स्वामी दयानन्द का 200वाँ जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन, यज्ञ व मंत्रों के साथ किया गया। विद्यालय प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गेरा, प्राथमिक कक्षा के नन्हे- मुन्ने बच्चों व अध्यापकों ने हवन यज्ञ में आहुतियाँ डालकर विश्व में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वामी जी के जीवन तथा उनके मूल्यों पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से स्वामी जी के जीवन मूल्यों को वर्तमान के धरातल पर जीवंत किया तथा भजन व कविता प्रस्तुत कर वातावरण को वेदमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय में शोभा यात्रा भी निकाली गई। डी.ए.वी.एच.आर जॉन-ई की क्षेत्रीय



निदेशिका श्रीमती सुनीता बहल ने स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा विद्यार्थियों से सामाजिक चुनौतियों से निपटने में सक्षम तथा स्वस्थ जीवन मूल्यों के प्रति आग्रही बनने का आह्वान किया तथा स्वामी जी के जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गेरा ने कहा कि डी.ए.वी. शिक्षण संस्थान का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में भावनात्मक व राष्ट्रीय एकता तथा आस्था- युक्त आधुनिक जीवन मूल्यों का विकास करना है।

# दयानन्द महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 5 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा ''नेवीगेटिंग द टेक इन्डस्ट्रीः टैन्ड्स, टूल्स एण्ड कैरियर पाथवेज़'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ओकेके कोड सेन्टर, हिसार द्वारा टेक इन्डस्ट्री में कैरियर के चुनाव और दिन-प्रतिदिन हो रहे बदलावों के बारे में बताया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जागरूक करेगी। कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नरेन्द्र



कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अतिथियों तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यशाला के मुख्यवक्ता के रूप में ओकेके कोड सेन्टर के डॉयरेक्टर नीरज पिलानियाँ ने कोडिंग और सॉफ्टवेयर इन्डस्ट्री की बुनियादी अवधारणाओं को समझाते हुए अलग-अलग टूल्स के उपयोग करने के बारे में सिखाया तथा कार्यशाला मेन्टर सागर, अनूप, पूजा, विकास ने वेबसाईट डेवेलपमेंट तथा मोबाईल एप्लीकेशन के यूआई/यूएक्स डिजाईन तथा अलग-अलग प्रोग्रामिंग लैंग्वेज़ेज के उपयोग के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यशाला समिति की संयोजिका प्रो. शालू रानी ने ओकेके कोड सेन्टर का आभार व्यक्त किया तथा आयोजन समिति सचिव प्रो. दीपेन्द्र दूहन, रीतू, कनिका, सोनू ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यशाला में लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Panchyati Dharamshala Development Committee**

**List of eligible members to caste their votes for upcoming elevation. Any member has if any objection, he can file objection within 15 days.**

1. Lachman Dass Mehta
2. Chander Bhan Gandhi
3. Lekh Raj Ahuja
4. Madan Lal Mehta
5. Mahesh Narang
6. Hans Raj Gera
7. Naveen Kumar Malhotra
8. Ajay Khanna
9. Harish Gandhi
10. Ram Parkash
11. Raj Kumar Madan
12. Tara Chand Aneja
13. Hans Raj Sardana
14. Mahipal Munjal
15. Mahinder Kumar Mehta
16. Rajinder Parkash Setia
17. Ram Chander Kamra
18. Mohinder Kumar Thakral
19. Chander Shekhar Girdhar
20. Mahinder Juneja
21. Gaurav Bakshi
22. Surender Narang
23. Rakesh Taneja
24. Naresh Dhingra
25. Narender Kumar Sharma
26. Naresh Mehta
27. Sharwan Kumar
28. Sudarshan Mukhija
29. Hans Raj Taneja

For & On behalf of
Gen. Secretary
Panchayati Dharamshala
Development Committee
Patel Nagar, Hisar
-Joint Secretary

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

